भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या: 180
गुरुवार, 11 दिसंबर, 2025/20 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

मुंबई महानगर क्षेत्र में कार्यशील विमानपत्तन

***180. प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़:**
श्री संजय दिना पाटील:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में कितने विमानपत्तन कार्यरत हैं और उनके नाम क्या हैं, उनकी यात्रियों को संभालने की क्षमता कितनी है तथा वहां से होने वाले वाणिज्यिक प्रचालनों की स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने विमानपत्तन अवसंरचना के विकास के लिए विशेष रूप से मुंबई में विमानन की उच्च मांग को पूरा करने के लिए कोई व्यापक राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त कार्यनीति के प्रमुख घटक क्या हैं और मुंबई और एमएमआर में इसे किस प्रकार कार्यान्वित किया जा रहा है;

(घ) सरकार द्वारा मुंबई में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्रा की बढ़ती मांग का प्रबंध करने, भीड़-भाड़ को कम करने और महाराष्ट्र के टियर-2 शहरों से संपर्क में सुधार लाने के उपायों सहित और क्या कदम उठाए गए हैं;

(ङ) क्या सरकार का विचार मुंबई की विमानन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अतिरिक्त आधुनिक विमानपत्तन सुविधाओं का निर्माण करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(च) सीएसएमआईए और एनएमआईए सहित मुंबई में सेवा प्रदान करने वाले विमानपत्तनों के वर्तमान अथवा प्रस्तावित विस्तार और उन्नयन की स्थिति क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

(क) से (च): वविरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"मुंबई महानगर क्षेत्र में कार्यशील विमानपत्तन" के संबंध में प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ और श्री संजय दिना पाटील द्वारा पूछे गए दिनांक 11.12.2025 के लोक सभा मौखिक प्रश्न संख्या 180 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क): वर्तमान में, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में तीन कार्यशील हवाईअड्डे हैं - छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा (सीएसएमआईए), मुंबई, जिसकी प्रति वर्ष 55 मिलियन यात्रियों (एमपीपीए) की यात्री हैंडलिंग क्षमता है, नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा (एनएमआईए), नवी मुंबई, जिसकी 20 एमपीपीए की यात्री हैंडलिंग क्षमता है और जुहू हवाईअड्डा, जिसकी 0.05 एमपीपीए की यात्री हैंडलिंग क्षमता है। जुहू हवाईअड्डा केवल हेलिकॉप्टर और सामान्य विमानन परिचालनों की आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है और इसमें कोई निर्धारित उड़ान परिचालन नहीं है।

(ख) से (च): भारत सरकार (जीओआई) ने देश में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के विकास के लिए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा (जीएफए) नीति, 2008 तैयार की है। इस नीति के तहत, भारत सरकार ने एमएमआर में नवी मुंबई हवाईअड्डा सहित देशभर के 24 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है।

शीतकालीन अनुसूची 2025 के अनुसार सीएसएमआई हवाईअड्डा, मुंबई महाराष्ट्र के टियर-2 शहरों जैसे औरंगाबाद, शोलापुर, कोल्हापुर, नागपुर, अमरावती और जलगांव सहित लगभग 70 घरेलू शहरों से जुड़ा हुआ है और यह हवाईअड्डा अपनी पूरी क्षमता से प्रचालित हो रहा है। मुंबई से महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों और देशभर में क्षमता बढ़ाने और कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए, नवी मुंबई में एक नया ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा विकसित किया गया है जो एमएमआर में दोहरी हवाईअड्डा प्रणाली के तहत सीएसएमआईए के लिए सहायक होगा।

दोनों हवाईअड्डों की परिकल्पित यात्री हैंडलिंग क्षमता 155 एमपीपीए (सीएसएमआईए - 65 एमपीपीए और एनएमआईए - 90 एमपीपीए) है। 20 एमपीपीए की यात्री हैंडलिंग क्षमता के साथ एनएमआईए परियोजना के पहले और दूसरे चरण का उद्घाटन हाल ही में दिनांक 08.10.2025 को किया गया था और वार्षिक 90 मिलियन यात्रियों को संभालने के लिए इसके अंतिम चरण की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके अतिरिक्त, सीएसएमआईए, मुंबई में टर्मिनल साइड अवसंरचना के विस्तार के पश्चात यह हवाईअड्डा प्रतिवर्ष 65 मिलियन यात्रियों तक को सेवा प्रदान कर सकेगा।

मुंबई की विमानन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सीएसएमआईए और एनएमआईए, दोनों हवाईअड्डों को आधुनिक हवाईअड्डा सुविधाओं के साथ विकसित किया गया है।

*****